RAF SECTOR

NEWS CLIP

03/10/2020

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat khabar , Ghatsheela (J.K.D)

नरवा : सीआरपीएफ जवानों ने लगायी दौड़

नरवा : सुंदरनगर स्थित रैफ (सीआरपीएफ) 106 बटालियन के कमांडेंट प्रमोद कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार तथा उप कमांडेंट अनामी शरण के नेतृत्व में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया गया. इस दौड़ में सीआरपीएफ जवान

व अन्य भाग लिये. कमांडेंट श्री सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य ही धन है.

United Bharat ,Prayagraj (U.P)

फिट इंडिया फ्रीडम रन का मूल मंत्र है स्वस्थ्य तन में स्वच्छ मन का वास-आर०के० निगम

सहसों कार्यालय

फाफामऊ: प्रयागराज। गुरूवार को केरिपुबल ने फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन किया। दो अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में सीआरपीएफ जवान दौड़ लगाकर स्वस्थ रहने के साथ-साथ लोगों को स्वस्थ रहने का संदेश दे रहे हैं। इस आयोजन के तहत १०१ द्रुत कार्य बल के सभी अधिकारियो कार्मिकों व उनके परिवारजनों के बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इस दौरान १०१ कार्मिकों व उनके परिवारजनों ने दौड़ लगाकर ८५,६८३ किमी की दूरी तय किया। वाहिनी के कमाण्डेंट आर०के० निगम ने सभी को फिट रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वच्छ मन का वास होता है, जो फिट इंडिया फ्रीडम रन मूल मंत्र है। इसका उद्देश्य है कि हर भारतीय नागरिक में स्वयं को फिट रखने के प्रति जन जागरण का संचार हो। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के दौर में फिटनेस जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू बन गया है। इसलिए हम सभी को अपने जीवनशैली में बदलाव लाना होगा। पोषण, स्वास्थ्य और फिटनेस के

विभिन्न पहलुओं पर बारिकी से ध्यान रखना होगा। उन्होंने आगे कहा कि फिट इंडिया फ्रीडम रन हर व्यक्ति के दिनचर्या में शामिल रहे तो फिर कोविड १९ की क्या बिसात और देश के दुश्मनों की क्या औकात जो हम पर हावी हो सके। हर भारतीय के जीवन में फिटनेस को अनिवार्य हिस्सा बनाना, फिट इंडिया फ्रीडम रन का मुख्य उद्देश्य है। कमाण्डेंट आर०के० निगम ने कह कि फिट रहने के सबके अलग-अलग तरीके और मानक है। फिट रहने के लिए संतुलित भोजन और नियमित ब्यायाम, योगा पर विशेष बल दिया अंत में कमाण्डेट आर०के० निगम ने वाहनी के भाग लेने वाले कार्मिकों को सीआरपीएफ फिट इंडिया फ्रीडम रन का प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

Dainik jagaran, Jalandhar (P.B)

114 वी वाहिनी दुत्र कार्य बल द्वारा करवाई पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा बनाई गई सुंदर पेंटिंग के साथ ● जागरण

पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता बच्चे सम्मानित

संवाद सहयोगी, करतारपुर : 114वीं वाहिनी दुत्र कार्य बल की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इसमें सीआरपीएफ कर्मियों के 101 बच्चों ने भाग लिया। बच्चों को पेंटिंग का पूरा सामान मुहैया करवाया गया। इसका शुभारंभ मनीष कुमार मीणा कमांडेंट 114 बटालियन ने किया। उनके साथ अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रतियोगिता में पहली से लेकर बारहवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। अंत में विजेता बच्चों को पुरस्कृत किया गया। कमांडेंट मनीष कुमार मीणा ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग की सराहना की।

Rashtriya Sahara , Lucknow (U.P)

कार्यबल की 28वीं वर्षगांठ



लखनऊ। कमाण्डेन्ट-91 बटालियन द्रुत कार्य बल के 28वीं वर्षगांठ समारोह सीआरपीएफ एकेडमी गुडगाव में आयोजित किया जा रहा है जिसके उपलक्ष्य में महानिरीक्षक द्रुत कार्य बल नई दिल्ली के निर्देशानुसार ग्रुप केन्द्र, केरिपुबल लखनऊ परिसर में स्थित 91 बटालियन दुत कार्य बल में सीआरपीएफ बैंड प्रदर्शन का आयोजन किया गया । अमिताभ कुमार, कमाण्डेन्ट-91 बटालियन ने प्रदर्शन की सराहना की एवं द्रुत कार्य बल द्वारा देश में किये जा रहे सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की, तथा यह भी अवगत कराया कि आने वाले गत वर्षों में भी द्रुत कार्य्र बल इसी प्रकार से सराहनीय कार्य करता रहेगा। इस अवसर पर सर्वेन्द्र सिंह, उप कमाण्डेन्ट रामप्रकाश उप कमाण्डेन्ट डीआरखान सहाकमाण्डेन्ट एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

Dainik Jagran , New Delhi

डीटीयू में हुआ फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन

जागरण संवाददाता, बाहरी दिल्ली: कोरोना काल में लोगों में फिटनेस को लेकर जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत बृहस्पतिवार को दिल्ली प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (डीटीयू) में दौड़ का आयोजन किया गया। इसके साथ ही क्रिकेट मैच का भी आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.योगेश सिंह ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ की शुरुआत की। इस अवसर पर कुलपति ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है। ये दो तरह के होते हैं। एक फिट रहने के लिए तो दूसरा कैरियर बनाने के लिए। उन्होंने कहा कि जब हम खेलते हैं तो एकाग्रता बनती है। उन्होंने कहा कि खेल फिटनेस के साथ चिंताओं को भी दूर करने का काम करता है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शमशेर, शारीरिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. एके श्रीवास्तव, स्पोर्ट्स काउंसिल के चेयरमैन आरसी चौहान समेत कई शिक्षक मौजूद रहे। वहीं रैपिड ऐक्शन फोर्स की 194 वाहिनी की ओर से भी 'फिट इंडिया फ्रीडम रन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वाहिनी के कमांडेंट राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एक माह से रनिंग व्यायाम और योग करके स्वस्थ भारत बनाने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को फिट इंडिया मूवमेंट को सफल बनाने के लिए एक माह के भीतर एक करोड़ किमी रनिंग का लक्ष्य पूरा करने के लिए दिया गया था, जिसको रैपिड एक्शन फोर्स ने पूरा किया। बृहस्पतिवार को भी फिट इंडिया फ्रीडम रन के तहत दौड़ का आयोजन किया गया। इसमें कई अधिकारियों ने भाग लिया।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।